# जीआईएस में आएंगे 10 हजार से अधिक मेहमान

## एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री करेंगे शिरकत, 40 देशों से जुटेंगे निवेशक

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने के लिए तीन दिनों में 10 हजार भारतीय और 400 से अधिक विदेशी मेहमान आएंगे। समिट में 40 देशों से निवेशक यूपी आ रहे हैं। समिट के विभिन्न सत्रों को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सहित करीब एक दर्जन से अधिक केंद्रीय मंत्री संबोधित करेंगे।

वृंदावन विहार योजना में जीआईएस के आयोजन स्थल पर 25 हजार वर्ग मीटर में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। समिट के साझेदार देशों और उद्यमियों को 636 वर्ग मीटर जगह आवंटित की गई है।

### 400 से अधिक विदेशी मेहमान भी पहुंचेंगे, 25 हजार वर्गमीटर में लगेगी प्रदर्शनी

प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों को प्रदर्शनी के लिए 5268 वर्ग मीटर जमीन आवंटित की गई है।

**ब्रिटेन के रक्षा मंत्री भी आएंगे :** समिट में ब्रिटेन के रक्षामंत्री एलेक्स चाक, यूएई के विदेश व्यापार मंत्री थानी बिन अहमद अल जेयूडी, यूएई के राज्यमंत्री अहमद अली एल सईग, ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त बैरी ओ फैरेल, डच के उच्चायुक्त मार्टेन वैन डेन बर्ग भी सत्र को संबोधित करेंगे। ब्यूरो

### ऋषियों के नाम पर होंगे हैंगर

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के लिए वृंदावन विहार योजना में बनाए जा रहे हैंगर का नाम ऋषियों के नाम पर रखा गया है। पांच बड़े हैंगर बनाए जा रहे है। मुख्य हैंगर का नाम ऋषि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाल्मीकि हैंगर में ही जीएसआई का उद्घाटन करेंगे। देश-विदेश के दिग्गज उद्यमियों और निवेशकों को संबोधित करेंगे। अन्य चार हैंगरों का नाम व्यास ऋषि, दधीचि ऋषि, भारद्वाज ऋषि और वशिष्ठ ऋषि के नाम पर रखा गया है।

## वृंदावन योजना के तालाब को नैमिष कुंड की तरह किया जा रहा विकसित

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट स्थल के पास वृंदावन योजना में मौजूद तालाब को नैमिष कुंड जीआईएस पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। छह फरवरी को मुख्यमंत्री इसका उद्घाटन कर सकते हैं। यहां चल रहे कार्यों का मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने शनिवार को निरीक्षण किया।

मुख्य सचिव निरीक्षण के दौरान जी-20 शिखर सम्मेलन के आयोजन स्थल शहीद पथ स्थित होटल सेंट्रम भी पहुंचे। यहां पर उन्होंने मुख्य समारोह हाल, लाउंज, पवेलियन में चल रही तैयारियां देखीं। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब व अन्य अधिकारियों से जानकारी ली। इसके बाद जनेश्वर मिश्र पार्क के पीछे बंधा रोड भी देखी, इस रोड को जी-20 सड़क के रूप में तैयार किया जा रहा है।

इसके बाद मुख्य सचिव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट आयोजन स्थल और मेहमानों के रुकने के लिए बन रही टेंट सिटी भी देखी। अधिकारियों से उन्होंने कहा कि सभी सुविधाओं और व्यवस्थाओं का एक बार आयोजन से पहले ट्रायल जरूर किया जाए। ब्यूरो

### छह फरवरी को मुख्यमंत्री कर सकते हैं तालाब का उद्घाटन



मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा और मंडलायुक्त रोशन जैकब ने शहीद पथ स्थित एक होटल में जी-20 बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। -संवाद

## आयोजन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी हुआ मंथन

लखनऊ। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और लखनऊ, आगरा, वाराणसी और नोएडा में आयोजित होने वाली जी-20 की बैठकों के मद्देनजर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं। डीजीपी डॉ. डीएस चौहान की मौजूदगी में शनिवार को हुई बैठक में इन्वेस्टर्स समिट और जी-20 की बैठकों को लेकर सुरक्षा की रणनीति तैयार की गई है। एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि बैठकों के दौरान एटीएस और एसटीएफ जैसी विशेष यूनिटों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुर्दांत अपराधियों, माफिया और अराजक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि डीजीपी ने अफसरों को सुरक्षा प्रबंधन के लिए माइक्रो प्लान तैयार करने के साथ खुफिया तंत्र को अभी से सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। ब्यूरो

## क्विज में जीती चेन्नई के प्रीतम-रोहन की टीम



क्विज में चेन्नई के प्रीतम और रोहन खन्ना की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। -विज्ञप्ति

लखनऊ। बिजनेस और कॉरपोरेट ज्ञान की परख के लिए इन्वेस्ट यूपी की ओर से आयोजित 'यूपी जीआईएस-23' हेडलाइनर बिजनेस क्विज प्रतियोगिता में चेन्नई के प्रीतम और रोहन खन्ना की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, कोलकाता के रवि और पीयूष केडिया की टीम ने दूसरा स्थान पाया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन बिजनेस क्विज श्रेणी में तीसरा स्थान हैदराबाद से आए नवीन और चेन्नई के जयकानन की टीम को मिला।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शनिवार से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में चेन्नई, हैदराबाद, मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता समेत कई बड़े शहरों से युवा बिजनेस व आईटी प्रोफेशनल आए हैं। पहले चरण में सफल होकर फाइनल राउंड में पहुंचने वाली आठ टीमों से बिजनेस ब्रांड्स, फाइनेंस, टेक्नोलॉजी, मानव संसाधन, सिस्टम एंड प्रोसेस, बिजनेस पर्सनैलिटी सहित बिजनेस वर्ल्ड से जुड़े सवाल पूछे गए। बाटले कंपनी में नौकरी करने वाले प्रीतम और रोहन की टीम ने बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पहला स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले टीम के सदस्य कोलकाता निवासी रवि और मुंबई निवासी पीयूष केडिया भी एमएनसी में कार्यरत हैं। जबकि तीसरे स्थान पर रही टीम के नवीन हैदराबाद में सैमित्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी में और जयकानन टीसीएस मे सेवारत हैं। प्रथम विजेता को 80 हजार, दूसरा स्थान पाने वाली टीम को 45 हजार और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। ब्यूरो

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाइन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– क्रम सं.-01, ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2023-18, कार्य का नाम: वरिष्ठ मंडल इंजी./तृतीय लखनऊ जं. के क्षेत्राधिकार के